UPGK010000222019

# न्यायालय अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट संख्या-01, गोरखपुर।

## सिविल अपील संख्या- 23/2019

**गोविन्द मिश्र ----- बनाम ----- योगेन्द्र मिश्र एवं एक अन्य**

**दिनांक 28.03.2026**

पत्रावली आदेशार्थ पेश हुई

उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण को पूर्व में सुना जा चुका है।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उभयपक्ष की ओर से पूर्व नियत तिथि पर सुलहनामा कागज संख्या- 41क/1 लगायत 41क/3 पेश किया गया है। उभयपक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रस्तुत उपरोक्त सुलहनामें के अनुसार पक्षकारों के मध्य समझौता हो गया है। पक्षकारों की पहचान उनके विद्वान अधिवक्तागण द्वारा की गयी है। पक्षकारों द्वारा अपनी अपनी इच्छा से बिना किसी दबाव के स्वतंत्र मस्तिष्क से अपने अपने हानि व लाभ का ध्यान रखते हुए दाखिल किया गया है और प्रस्तुत अपील को सुलहनामा के आधार पर निस्तारित किये जाने की याचना की गयी है।

न्यायालय द्वारा उक्त सुलहनामा नियमानुसार तसदीक किया गया। अतः प्रस्तुत सुलहनामा कागज संख्या- 41क/1 लगायत 41क/3 स्वीकार कर न्यायालय में लंबित अपील सुलहनामा की शर्तों के अधीन निस्तारित किये जाने योग्य है।

### आदेश

तद्नुसार सुलहनामा कागज संख्या- 41क/1 लगायत 41क/3 क स्वीकार करते हुए प्रस्तुत सिविल अपील संख्या- 23/2019 उपरोक्त सुलहनामे की शर्तों के अधीन निस्तारित की जाती है।

सुलहनामा कागज संख्या- 41क/1 लगायत 41क/3 डिक्री का अंश होगा। पक्षकार अपना-अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगे।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर की जाए।

**दिनांक-28.03.2026**

**(उमेश चन्द्र पाण्डेय-II)**
**अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट संख्या-01,**
**गोरखपुर।**
**JO Code - UP 6066**

Digitally signed by UMESH CHANDRA PANDEY
Date: 2026.03.28 16:46:19 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court